Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 05-12-2006

Participants : Yadav Shri Giridhari

an>

Title: Need to take steps to control spread of Malaria and Kalazar, and creating sufficient medical facilities in Banka and Jamui, Bihar.

श्री गिरिधारी यादव (बांका): उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बांका एवं जमूई जिले में मलेरिया एवं काला आजार बीमारी हर साल फैलती है जिसमें सैंकड़ो लोग मर जाते हैं और हजारों की तादाद में इन बीमारियों से पीड़ित रहते हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र के झांझा प्रखंड, चांदन प्रखंड, कटोरिया प्रखंड एवं बौसी प्रखंड इन बीमारियों से अत्यंत प्रभावित होते हैं। प्राथमिक केन्द्रो पर न डॉक्टर उपलब्ध रहते हैं और न ही नर्सें मिलती हैं और दवाएं मिलती ही नहीं हैं। अगर मिलती हैं तो उसका कोर्ठ प्रभाव नहीं होता है। सरकार ने इन बीमारियो पर नियंत्रण और उन्मूलन के लिए जो योजनाएं चलाई हैं उनकी समीक्षा की जाए और इसमें व्याप्त कमियां हैं, उनको दूर किया जाए।

सदन के माध्यम से मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि मलेरिया और काला आजार पर नियंत्रण और उन्मूलन की योजनाओं के तहत बांका एवं जमूई जिले में जो कार्य हो रहा है, उसकी समीक्षा की जाए।